B.A. LL.B. (Hons.) 5 Year Course 2nd Semester

Examination, May–2018

HINDI–II

Paper–201

Time allowed : 3 hours] *[Maximum marks : 80*

नोट- प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरांत इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

सामान्य एवं विधिक हिन्दी-2

1. (क) 'सारा आकाश' उपन्यास की मूल संवेदना का वर्णन करें। 7

अथवा

'सारा आकाश' में निहित समस्याओं का वर्णन करें।

(ख) शिरीष की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए। 7

अथवा

समर की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन करें।

2. दो गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें। 7×2=14

(क) हर क्षण ऐसा लगता रहता है जैसे सबने मिलकर मेरे विरुद्ध षड्यंत्र कर लिया है कि इसे अकेला छोड़ दो। सीधे मुझसे कुछ न कहना, मेरे प्रति अपमानजनक उदासीनता दिखाना या ढाल-ढालकर इशारों में सब कुछ कहते रहना मुझे दिन-रात खाए जाता है। जैसे हर आदमी मुझसे ऊबा हुआ है, हरेक को मुझसे घृणा है।

अथवा

संयुक्त परिवार का शाब्दिक आदर्श चाहे जितना महान् हो, उसका सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि परिवार का कोई भी सदस्य अपने व्यक्तित्व का विकास नहीं कर पाता। सारा समय तो

https://www.mdupapers.com

समस्याएँ बनाने में, या बनी-बनाई समस्याओं को सुलझाने में जाता है।

(ख) मुझे तुम अभी नहीं जानते। मुझमें बहुत ज्यादा जीवनी शक्ति है। इससे भी ज्यादा मुसीबतों में मैं विचलित नहीं हो सकती। विवाह से पहले बड़ा डर लगा करता था कि आगे जाने कैसे होगा। लगता था कि किसी भी मुसीबत को मैं सह नहीं पाऊँगी।

अथवा

वे उसी स्वर में बोले, "मुझे दिवाकर ने बतलाया था कि आप काफी सोचने-मनन करने वाले व्यक्ति हैं लेकिन देख रहा हूँ कि सोचना दो तरह का होता है। एक होता है हर चीज़ को तर्क और बुद्धि की कसौटी पर जाँचना और दूसरा होता है भावनाओं के आवेश में घुटना। बुरा मत मानिए, मुझे तो आप दूसरी तरह के प्राणी लगते हैं।

3. किसी **एक** विषय पर विधिक निबंध लिखिए। 14

(क) लोक अदालत की प्रासंगिकता

(ख) सूचना के अधिकार की सार्थकता

(ग) जनहित याचिका

4. सात विधि शब्दों के अंग्रेजी शब्द लिखकर हिन्दी में वाक्य बनायें- 7×2=14

पुनर्विचार, भू राजस्व, महाभियोग, मंत्री परिषद्, योग्यता प्रमाण पत्र, राजपत्र, लोकसभा, विधेयक, विधायक, विवाह विच्छेद, सुसंगत तथ्य, सर्वोच्च न्यायालय।

5. सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं- 8×3=24

(क) सारा आकाश नाम की सार्थकता बताइए।

(ख) प्रभा के चरित्र पर नोट लिखें।

(ग) साहित्य में सप्रसंग व्याख्या की आवश्यकता बतायें।

https://www.mdupapers.com

(घ) दिवाकर के चरित्र पर नोट लिखें।

(ङ) राजभाषा हिन्दी के संवैधानिक प्रावधान पर नोट लिखें।

(च) धर्मनिरपेक्षता पर नोट लिखें।

(छ) 'विधिक क्षति' एवं 'विधियों का समान संरक्षण' के अंग्रेजी शब्द लिखकर उनके हिन्दी में वाक्य बनायें।

(ज) 'संज्ञेय अपराध' एवं 'समान अधिकारिता न्यायालय' के अंग्रेजी शब्द लिखकर उनके हिन्दी में वाक्य बनायें।

https://www.mdupapers.com